त्रिचि शंकरन

अकादेमी पुरस्कारः कर्नाटक वाद्य संगीत (मृदंगम)

श्री त्रिची शंकरन का जन्म 27 जुलाई 1942 को तमिलनाडु के पूवालुर में हुआ था। श्री शंकरन ने मृदंगम् में अपना प्रशिक्षण सुप्रसिद्ध वादकों पी.वी. वेंकटरामन और पिलानी सुब्रहमण्य पिल्लै से प्राप्त किया था। श्री पिलानी सुब्रहमण्य पिल्लै उनके प्रशिक्षक रहे। आपने कर्नाटक गायन संगीत, कंजीरा, और कोन्नाक्कोल में भी प्रशिक्षण प्राप्त किया था। मद्रास विश्वविद्यालय में पढ़ते हुए, आपने अर्थशास्त्र में मास्टर डिग्री प्राप्त की थी।

श्री शंकरन की आज विश्व विख्यात कलाविद् वादक के रूप में पहचान है, और भारतीय संगीत के प्रतिष्ठित विद्वान और संगीतकार हैं। साठ वर्षों की अवधि में, आपने प्रतिष्ठित कलाकारों के साथ भारत, उत्तर अमेरिका, यूरोप, आस्ट्रेलिया, और दक्षिण–पूर्व एशिया में प्रमुख उत्सवों में प्रस्तुति पेश की है। मृदंगम् में आपका अंदाज अपने गुरू पिलानी सुब्रहमण्य पिल्लै की तरह है, जिसे अपने नव–प्रयोगों से स्थापित किया है।

संगीतकार के रूप में अपने कार्य के साथ, श्री शंकरन ने कनाडा, जहां अब वह एक नागरिक हैं, में भारतीय संगीत अध्ययनों का नेतृत्व किया है। आपने 1971 में यॉर्क यूनिवर्सिटी, टोरंटो में भारतीय संगीत कार्यक्रम स्थापित किया था, जहां आपने पिछले चार दशकों में विद्यार्थियों की पीढ़ियों को सिखाया है। वह यूनाइटेड स्टेट्स (अमेरिका) में वेसलेयान यूनिवर्सिटी – और सान डियगो स्टेट यूनिवर्सिटी में संगीत अध्ययनों से भी जुड़े रहे हैं। अपने अध्यापन में, आपने पूर्वी तथा पश्चिमी अध्यापन–विज्ञान–सम्बंधी तरीकों के अन्तर को दूर किया है और विद्यार्थियों को संगीतज्ञ, संगीतकार, संगीत शिक्षक बनाने में सहायता प्रदान की है। आपने विश्वभर में सेमिनारों में योगदान दिया है, और कई लेख और दो पुस्तकें – *द रिदमिक प्रिंसिपल्स एंड प्रैक्टिस ऑफ साऊथ इंडियन ड्रमिंग* (1994), एवं *आर्ट ऑफ कोन्नाक्कोल* (2010) प्रकाशित की हैं। वर्तमान में वह दक्षिण भारत के फ्रेम मृदंगों पर एक किताब पर कार्य कर रहे हैं। आपने गेमलान, जेज्ज, और पश्चिमी शास्त्रीय आर्केस्ट्रा की शैलियों में कई सम्मिश्रण तैयार किए हैं। आपने विश्व संगीत में इन और अन्य शैलियों के कलाकारों, प्रतिष्ठित हिन्दुस्तानी संगीतकारों के साथ मिलकर कार्य किया है। आपने अपने संगीत की कई रिकॉर्डिंग्स के साथ–साथ भारतीय संगीत में विशिष्ट विषयों पर फिल्में तथा वीडियो निकाले हैं।

इस क्षेत्र में अपने कार्य की मान्यता में, श्री त्रिचि शंकरन ने संगीत अकादमी, मद्रास (2011) द्वारा प्रदत्त संगीत कालानिधि की पदवी, परकसिव आर्टस् सेंटर, बेंगलौर द्वारा प्रदत्त पालघाट मणि अय्यर पुरस्कार (1992), और विक्टोरिया विश्वविद्यालय, कनाडा द्वारा संगीत में प्रदान की गई मानद डाक्टरेट (1998) सहित कई सम्मान प्राप्त किए हैं।

श्री त्रिचि शंकरन को कर्नाटक वाद्ययंत्र संगीत में योगदान के लिए संगीत नाटक अकादेमी पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है।